Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding declaration by political personalities about not to employ child labour.

श्री पल्लब लोचन दास (तेजपुर): अध्यक्ष महोदय, आपने यहां पर बहुत ही नए परंपरा शुरू की है । हमें बहुत अच्छा लग रहा है । मैं आपसे एक अनुरोध करना चाहूंगा कि चाइल्ड लेबर समाप्त करने के लिए भारत ने संकल्प लिया है । हमारे समाज से चाइल्ड लेबर समाप्त होनी चाहिए । हम देखते हैं कि बड़े-बड़े लोग ही चाइल्ड लेबर्स रखते हैं । आप एक नई परंपरा शुरू करें । हम माननीय सांसद यहां एक डिक्लैरेशन देते हैं कि हमारी प्रॉपर्टी कितनी है, क्या है? क्या हम यह डिक्लैरेशन नहीं दे सकते हैं कि हम चाइल्ड लेबर नहीं रखेंगे?

अगर यह शुरू हो और सभी डिक्लेयरेशन दें चाहे कोई भी पॉलिटिकल व्यक्ति चाहे वह सांसद हो या विधायक हो, कि मैं चाइल्ड लेबर नहीं रखूंगा और यदि कहीं चाइल्ड लेबर देखूंगा तो उस पर कार्यवाही करूंगा । यदि ऐसा हो, तो चाइल्ड लेबर रोकने में बहुत मदद मिलेगी ।

माननीय अध्यक्ष : श्री अब्दुल खालेक और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री पल्लब लोचन दास द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।